# बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

## साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम एवं निदेश

**राज्य के सरकारी प्रशिक्षण महाविद्यालयों में विज्ञापन संख्या – 07/2016 के अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा तथा विज्ञापन संख्या – 08/2016 के अन्तर्गत कला एवं शिल्प विषय के व्याख्याता (लिखित) सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम एवं निदेश–**

| दिन एवं दिनांक | विज्ञापन संख्या एवं पदनाम | प्रथम पाली (समयः 10:30 बजे पूर्वाह्न से) उम्मीदवारों का अनुक्रमांक | द्वितीय पाली (समयः 2:30 बजे अपराह्न से) उम्मीदवारों का अनुक्रमांक |
|---|---|---|---|
| शुक्रवार 13.05.2022 | विज्ञापन संख्या – 07/2016 व्याख्याता, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | 700001, 700004, 700009, 700013, 700016, 700020, 700029, 700030, 700031, 700037, 700040 | 700048, 700055, 700056, 700064, 700071, 700074, 700075, 700079, 700087, 700094, 700098 |
| शनिवार 14.05.2022 | | 700112, 700122, 700135, 700140, 700146, 700167, 700170, 700172, 700175, 700177 | xxxxx |
| शुक्रवार 13.05.2022 | विज्ञापन संख्या – 08/2016 व्याख्याता, कला एवं शिल्प | 800013, 800022, 800026, 800029, 800042, 800045, 800049, 800052, 800058, 800062 | 800067, 800068, 800075, 800077, 800087, 800091, 800093, 800095, 800107, 800114 |
| शनिवार 14.05.2022 | | 800116, 800131, 800134, 800149, 800151, 800192, 800199, 800257 | xxxxx |

2. उपर्युक्त सभी उम्मीदवारों के साक्षात्कार पत्र **साक्षात्कार की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व से** आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे, जिसे उम्मीदवार द्वारा अपना अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड किया जा सकता है। **साक्षात्कार पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जायेगा। उक्त वेबसाईट पर आवेदन पत्र का सार प्रपत्र–I उपलब्ध रहेगा, जिसे उम्मीदवार द्वारा भरकर साक्षात्कार के दिन लाना अनिवार्य है।**
3. **साक्षात्कार के दिन उम्मीदवारों को मूल विज्ञापन एवं साक्षात्कार पत्र में उल्लिखित अपनी योग्यता सम्बन्धी निम्नांकित मूल (Original) प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं इन सभी की दो स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति भी साथ में लाना अनिवार्य होगाः–**
   - (i) जन्म तिथि के साक्ष्य हेतु मैट्रिक उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र/अंक पत्र।
   - (ii) विज्ञापन संख्या – 07/2016 के लिए शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर (M.P.Ed.) तथा विज्ञापन संख्या – 08/2016 के लिए चाक्षुष कला (Visual Arts)/प्रदर्श कला (Performing Arts) में स्नातकोत्तर की डिग्री का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
   - (iii) विज्ञापन संख्या – 07/2016 के लिए स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा विषय में तथा विज्ञापन संख्या – 08/2016 के लिए चाक्षुष कला (Visual Arts)/प्रदर्श कला (Performing Arts) में पीएच॰डी॰ का प्रमाण पत्र।
   - (iv) पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र (महिला उम्मीदवारों के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है)।
   - (v) पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र (विगत 1 वर्ष से पूर्व का होने पर)।
   - (vi) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र (महिला उम्मीदवारों के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत जाति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है)।
   - (vii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए स्थायी निवास प्रमाण पत्र (महिला उम्मीदवारों के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत निवास प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है)।
   - (viii) दिव्यांगता के आरक्षण का दावा करनेवाले उम्मीदवारों के लिए दिव्यांगता सम्बन्धी वैध प्रमाण पत्र की मूल प्रति।

     **नोटः– अस्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र में निर्धारित अवधि के बाद नवीकरण (Renewal) नहीं होने की स्थिति में प्रमाण पत्र विधि मान्य नहीं होगा।**
   - (ix) राज्य सरकार के अधीन किसी पद पर नियुक्त हों, तो साक्षात्कार में भाग लेने हेतु विभागीय अध्यक्ष/सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र।
   - (x) बिहार राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत वैसे शिक्षक (नियमित/नियोजित) जिनकी सेवा 3 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, के लिए सक्षम प्राधिकार (D.E.O.) द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

     नोट–जिन अभ्यर्थियों द्वारा अपने मूल आवेदन में अनुभव प्रमाण पत्र की मूल प्रति संलग्न की गयी है, वे अपने साथ अनुभव प्रमाण पत्र की सिर्फ छायाप्रति (दो प्रतियों में) अवश्य लाये।
   - (xi) पहचान पत्र (फोटोयुक्त)।
   - (xii) दो पासपोर्ट साईज के अद्यतन फोटोग्राफ (**Recent Photograph**)।

**नोटः 1. सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र/अंक पत्र के निर्गत होने की तिथि, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि (22.06.2016) या उसके पूर्व का होना आवश्यक है।**

**2. योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र वही मान्य होंगे, जिनका उल्लेख उम्मीदवार ने अपने मूल आवेदन पत्र में किया है।**

**यदि कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार के दिन उपरोक्त वर्णित सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं तो इसके लिए कोई भी अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों की अर्हता के सम्बन्ध में यथासमय समुचित निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा।**

4. (i) यदि आपने आरक्षित पद के लिए दावा किया है, तब साक्षात्कार के समय अनुसूचित जाति/जनजाति के मामले में अपने स्थायी अधिवास अंचल के अंचल अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित जाति प्रमाण पत्र एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र जमा कर सत्यापन कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा आपको आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

   (ii) पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की स्थिति में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक 673, दिनांक 08.03.2011 एवं पत्रांक 704, दिनांक 10.03.2011 के आलोक में बिहार सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट विहित प्रपत्र में अपने स्थायी अधिवास अंचल के अंचल अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित, क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा कर सत्यापन कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा आपको आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

5. **साक्षात्कार के लिए बुलाए जा रहे आवेदकों की अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। साक्षात्कार में शामिल होने मात्र से उनकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। साक्षात्कार के समय या उसके बाद उनकी अर्हता पर यथासम्भव आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।**

6. सभी उम्मीदवार अपने साक्षात्कार के दिन साक्षात्कार पत्र के अलावे अपना एक अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा–मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस इत्यादि से कोई एक मूल में एवं इसकी 02 छायाप्रतियाँ स्वहस्ताक्षरित कर अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।

7. साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों को मोबाईल फोन या किसी प्रकार का इलेक्ट्रोनिक गैजेट यथा ब्लू–टूथ, Wifi, इलेक्ट्रोनिक पेन इत्यादि आयोग परिसर में लाना वर्जित है।

8. अभ्यर्थी कोरोना संकमण (कोविड–19) के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए अद्यतन SOP का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

9. सम्बन्धित उम्मीदवार, उक्त साक्षात्कार कार्यक्रमानुसार आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि को साक्षात्कार हेतु निर्धारित समय से 1½ घण्टा पूर्व उपस्थित होंगे।

27.4.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना